झारखंड की छात्रा को मिला IIIT के इतिहास का सबसे बड़ा पैकेज

चर्चा में क्यों?

7 दिसंबर, 2022 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार IIIT (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) रांची की कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग की छात्रा चार्मी आशीष मेहता को ट्रिपल आइटी के इतिहास का सबसे बड़ा पैकेज (38 लाख रुपए) मिला है।

प्रमुख बिंदु

- चार्मी आशीष मेहता को ऑस्ट्रेलिया की एटलासियन कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में यह पैकेज मिला है। ट्रिपल आइटी की स्थापना के बाद यह अब तक का सबसे बड़ा पैकेज है। इससे पूर्व कई विद्यार्थियों को 50 लाख रुपए का पैकेज मिला था।
- इसके अलावा चार्मी आशीष मेहता को दो अन्य कंपनी के भी ऑफर मिले हैं। इनमें इंफोड्स कंपनी की ओर से 5 लाख रुपए और प्रोड्यूक्टिव कंपनी की ओर से 25 लाख रुपए के पैकेज का ऑफर दिया गया है।
- ट्रिपल आइटी रांची के निदेशक प्रो. विष्णुप्रिय ने बताया कि कोरोना महामारी के बाद वर्ष 2019-2023 बैच के विद्यार्थियों ने पूरे भारत में बहुराष्ट्रीय कंपनियों से कई प्लेसमेंट ऑफर पाने में कामयाबी हासिल की है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में 83 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ है।
- निदेशक प्रो. विष्णुप्रिय ने बताया कि वर्ष 2016 में स्थापित यह संस्थान केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से पीपीपी मोड पर चल रहा है।
- उल्लेखनीय है कि संस्थान के ही कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के छात्र तुषार जैन ने उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में 22 से 25 नवंबर, 2022 तक आयोजित यूनेस्को इंडिया-अफ्रीका हैकाथॉन में जीत हासिल किया था। तुषार व इनकी टीम को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पुरस्कार स्वरूप तीन लाख रुपए प्रदान किया था।
- तुषार ने स्वास्थ्य और स्वच्छता उप-विषय के तहत 36 घंटे के कार्यक्रम में मधुमेह मेलेट्स की जटिलताओं की प्रारंभिक पहचान के लिये स्व-देखभाल और नियमित जाँच के लिये एक ऐप विकसित किया। 36 घंटे की इंटेंस कोडिंग के बाद तुषार ने खिताब हासिल किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jharkhand-student-got-the-biggest-package-in-the-history-of-iiit